Roll No. ....

DD–2326

M. A. (Final) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Sixth

(काव्यशास्त्र एवं साहित्यालोचन)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

इकाई—I

1. काव्य-प्रयोजन से क्या तात्पर्य है ? भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्रियों द्वारा बताये गये काव्य-प्रयोजनों की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

काव्य-आत्मा के रूप में 'वक्रोक्ति-सिद्धान्त' की शक्ति और सीमा की विवेचना कीजिए।

इकाई—II

2. प्लेटो ने कला को 'सत्य से दूर' सिद्ध करने के लिए जिन उक्तियों का आश्रय लिया है, उनकी समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

लोंजाइनस के आलोचना सिद्धान्त की व्याख्या करते हुए उसके कला सम्बन्धी विचारों को लिखिए।

इकाई—III

3. आचार्य केशवदास की आलोचना सम्बन्धी अवधारणा स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

"आधुनिक समीक्षाशास्त्र में मनोविश्लेषणवादी धारा अपना विशिष्ट स्थान रखती है।" समीक्षा कीजिए।

इकाई—IV

4. स्वच्छन्दतावाद के मूल सिद्धान्तों का परिचय देते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 15

अथवा

अभिव्यंजनावाद के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए। इसकी मान्यताओं का साहित्य पर क्या प्रभाव पड़ा ? स्पष्ट कीजिए।

इकाई—V

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 5

(i) काव्यहेतु

(ii) साधारणीकरण

(iii) रीति सिद्धान्त

(iv) अनुकरण सिद्धान्त

(v) शास्त्रीय समीक्षा

(vi) अभिजात्यवाद

(vii) मार्क्सवाद

(viii) व्यावहारिक समीक्षा कीजिए :

"धन्ये, मैं पिता निरर्थक था,
कुछ भी तेरे हित न कर सका।

जाना तो अर्थागमोपाय,
पर रहा सदा संकुचित काय
लखकर अनर्थ आर्थिक पथ पर
हारता रहा मैं स्वार्थ समर।
शुचिते, पहनाकर चीनांशुक
रख सका न तुझे अतः दधिमुख।"

इकाई—VI

6. निम्नलिखित के एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए : प्रत्येक 1

(i) 'रीतिरात्मा काव्यस्य' किस आचार्य का कथन है ?

(ii) पंडितराज जगन्नाथ ने किस ग्रन्थ की रचना की ?

(iii) 'काव्यदर्श' किस आचार्य की रचना है ?

(iv) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी स्वच्छन्दतावादी आलोचक हैं या प्रगतिवादी ?

(v) 'कविप्रिया' किसकी रचना है ?

(vi) अलंकारवादी आचार्य का नाम लिखिए।

(vii) मनोविश्लेषणवाद के जन्मदाता कौन हैं ?

(viii) एडलर और युंग दोनों का संबंध किस वाद से है ?

(ix) अभिव्यंजनावाद के जनक कौन हैं ?

(x) रस को काव्य की आत्मा किस आचार्य ने माना है ?

(xi) शृंगार रस के साथ कौन-सा गुण प्रयुक्त होता है ?

(xii) 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता का नाम बताइए।

(xiii) अरस्तू के प्रसिद्ध ग्रंथ का नाम लिखिए।

(xiv) 'वक्रोक्ति काव्यजीवितम्' यह किस आचार्य की रचना है ?

(xv) भरतमुनि के रस-सूत्र के प्रमुख व्याख्याकार आचार्य कितने हैं ?

(xvi) 'रामचन्द्रिका' किस आचार्य की रचना है ?

(xvii) "पागल, प्रेमी और कवि तीनों कल्पना से ओत-प्रोत रहते हैं।" यह किसका कथन है ?

(xviii) प्लेटो के गुरु का क्या नाम था ?

(xix) आलोचना का तात्पर्य क्या है ?

(xx) लोंजाइनस के ग्रंथ का नाम क्या है ?